नवभारत 11
सतना, मंगलवार, 25 नवम्बर, 2025

पिलर के अवशेष बयान कर रहे विकास कार्य

अधूरे काम के साथ वर्षों पहले हो चुका है कालेज भवन का लोकार्पण

▶ शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के चंद्र कमरों में चलती हैं स्नातक व स्नातकोत्तर तक कि कक्षाएं

नवभारत न्यूज

रामनगर 24 नवंबर, शासकीय महाविद्यालय रामनगर तहसील परिक्षेत्र के सैकड़ों गांवों के छात्र/छात्राओं के लिए सरकारी तौर पर उच्च शिक्षा का एक मात्र अध्ययन केंद्र है,जो बसाहट के लगभग 22 सालों तक पुराने शासकीय प्राइमरी स्कूल में संचालित होते हुए तीन चार शिक्षा सत्रों से नवीन भवन वार्ड नम्बर एक पगरा में निर्मित किया गया है।

करोड़ों की लागत से निर्मित भवन में कक्षाएं व अन्य व्यवस्थाएं संचालित होती है जो कि ऊंट के मुंह में जीरा जैसी स्थिति है। हैरत कि बात यह है कि बोलीकर्ता/निर्माण कर्ता सम्बन्धित विभाग की सरपरस्ती पर निजी निविदाकार ने न तो महाविद्यालय प्रशासन को वर्क आर्डर के दर्शन करवाये न ही सेंक्शन पत्र दिखवाया और एक

साइड का परकोटा बनाकर, दूसरे साइड को आदिवासी छात्रावास के परकोटे से जोड़कर,निर्माण पूरा करते हुए,अंदर कालम खड़े करके, बाहर लंबा चौड़ा टीना टप्पर तानकर ,चकाचक दिखा दिया गया,जबकि बरसात में छत के माध्यम से सारा पानी अंदर ही आता है, दिवाले क्रैक है, दरवाजे, लाइट फिटिंग, शौचालय के उपकरण सब कुछ लोअर दर्जे का, जब भवन की उपलब्धता का यह हाल है तो फर्नीचर, लैब, पुस्तकालय, स्पोर्ट्स, टूल्स के लिए वांक्षित व्यवस्थाएं देखने योग्य है,अब महाविद्यालय के पास न तो खुद का कोई बजट है,न ही जन भागीदारी के पास और न ही उच्च शिक्षा विभाग या सरकार से कोई ग्रांट मिल पा रहा,भले ही रामनगर महाविद्यालय में प्रध्यापकों/अतिथि विद्वानों के पद तो सृजित है लेकिन विभाग प्राचार्य का पद स्वीकृत करना भूल गया जिसके चलते अमरपाटन महाविद्यालय के प्राचार्य जी को लगातार 25 सालो से अब तक महाविद्यालय रामनगर का प्रभारी प्राचार्य बनाया जाता रहा है ,कुल मिलाकर सरकारी अधोसंरचना को एन केन प्रकारेण क्षतिग्रस्त करके निजी पारलौकिक संरचना को प्रश्रय देने का प्रकल्प जो लगातार राष्ट्र को खोखला कर रहा है,जिसकी गवाह नव निर्मित जर्जर पुल, इमारतें, सड़क, नालियां, तालाब, नहरें, या खेत खलिहान देख सकते है।

पपरा ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार का बोलबाला

▶ पंचायत दर्पण पोर्टल में अपठनीय बिल लोड कर छुपाया जा रहा भ्रष्टाचार

नवभारत न्यूज

मुकुन्दपुर 24 नवंबर, जहां मध्यप्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल पंचायत राज में पारदर्शिता लाने के लिए और भ्रष्टाचार पर शिकंजा कसने के लिए बिल, भुगतान, वर्क आदि-आदि को आनलाइन कराने का समूचे प्रदेश में आदेश दिया गया है.

वहीं पंचायत राज में भ्रष्टाचार, बंदरबांट कर राज छुपाने का काम जोरों पर चल रहा है इसका जीता-जागता ज्वलंत उदाहरण मैहर जिले के अमरपाटन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पपरा पंचायत में देखा जा सकता है। ग्राम पंचायत परंपरा में 15अगस्त 25 के ध्वाजारोहण कार्यक्रम के लिए 10 हजार रुपये का मीठा वगैरह खरीदा गया। इसी तरह अन्य कई भ्रष्टाचार किये गये और इन सभी तथ्यों को छुपाने के लिए पंचायत पोर्टल पर अपठनीय बिल लोड किये गये। इतना ही नहीं चबूतरा निर्माण कार्य घनश्याम बाबा के नाम से खूब लूट मचाई गयी। जबकि उक्त चबूतरा का निर्माण कराया ही नहीं गया, इसी तरह पतरहा नाला के पास चबूतरा निर्माण और उप स्वास्थ्य केंद्र के पास चबूतरे के नाम से शासन की राशि का बेधड़क डकार ली गयी और निर्माण कराया ही नहीं गया। इन्हीं सब वजहों के चलते उक्त पंचायत के सरपंच, सचिव ने पंचायत दर्पण पोर्टल पर अपठनीय बिल लोड किये है तो ऐसे में यह माना जा सकता है कि उक्त पंचायत के सरपंच सचिव को प्रदेश के मुख्यमंत्री और पंचायत मंत्री का जरा सा डर नहीं है। पपरा पंचायत के सरपंच/सचिव मिलकर खूब बंदरबांट किये। इनको जरा सा हिचकिचाहट नहीं हुई और न तो मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल का और न ही जिला मुख्य कार्यपालन अधिकारी सतना और कलेक्टर मैहर आयुक्त रीवा का डर नहीं लगा, सारी हदें लांघते हुए कई लाख रुपये गटक लिये। वाह रे अमझर पंचायत के सरपंच/सचिव।अब देखना यह है कि समाचार के माध्यम से जिला कलेक्टर मैहर जिला मुख्य कार्यपालन अधिकारी सतना और आयुक्त रीवा क्या कार्यवाही करते हैं या सब ठंडे बस्ते में अपठनीय की तरह ठंडा हो जायेगा।

झाली चौराहे पर बना कुआं भी किसी बड़े खतरे से कम नहीं

नवभारत न्यूज

कोठी 24 नवंबर, नगर परिषद कोठी के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 5 के झाली चौराहे पर बना कुआं भी किसी बड़े खतरे से कम नहीं है।

कोठी से सिंहपुर मार्ग में झाली चौराहे के समीप स्थित सुमुदायिक शौचालय के ठीक सामने यह कुआं बना हुआ है जो पूरी तरह से खुला हुआ है इसमें कई बार जानवर गिर भी चुके हैं लोगों ने बताया कि पूर्व में इसमें एक महिला भी गिर चुकी है परंतु आज तक यहां सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं किए गए। जिससे यह खतरे को आमंत्रण दे रहा है । चौराहे में काफी संख्या में लोगों का आना जाना रहता है साथ ही नगर सहित आसपास के क्षेत्र के लोग

भी चौराहे में रहते हैं रात में लोग नित्य क्रिया के लिए सामुदायिक शौचालय जाते हैं कभी भी कोई बड़ी घटना का शिकार हो सकते हैं ठंड के मौसम में कोहरा भी बढ़ जाता है जिससे दृष्टता कम हो जाती है कुल मिलाकर खुला कुआं बड़े हादसे को आमंत्रण दे रहा है क्योंकि इसमें पानी भी भरा हुआ है और यह उपयोग में भी है स्थानीय लोगों ने जिम्मेदारों द्वारा इसे तत्काल संरक्षित किए जाने की मांग की है । वार्ड क्रमांक 2 निवासी बबलू आदिवासी ने कहा कि चौराहे में कुआं बना हुआ है और हमारे वार्ड के सामने ही है सड़क के उस तरफ वार्ड क्रमांक 5 है और इस तरफ वार्ड क्रमांक दो इसलिए अधिक संख्या में लोग इसमें उपयोग करते हैं क्योंकि वार्डों में पानी की सप्लाई भी नहीं है वह अच्छी बात है की कुआं से लोग उपयोग करते हैं और इसी से आश्रित भी है परंतु यह पूरी तरह से खुला हुआ है इसमें बाउंड्री भी नहीं बनी हुई है जिससे दुर्घटना भी हो सकती है जिम्मेदारों को इसमें जाल लगवा कर सुरक्षित करवाया जाना चाहिए साथ ही इसमें एक हैंडपंप लगवा देना चाहिए जिससे लोगों को सुविधा मिल जाए और यह सुरक्षित भी हो जाए क्योंकि यह बड़ा खतरा है।

सरकार का अन्नदाता के धान का ध्यान नहीं, गेहूं खरीदी का झुनझुना पकडा कर भ्रमित कर रहे मुख्यमंत्री : कल्पना वर्मा

नवभारत न्यूज

कोठी 24 नवंबर, रैगांव विधानसभा की पूर्व विधायक श्रीमती कल्पना वर्मा ने मध्य प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री द्वारा किसानो के गेहूं की खरीदी 2600 किए जाने की घोषणा पर तंज कसते हुए कहा है कि सरकार अन्नदाताओं को भ्रमित कर रही है और उनका ध्यान भटका रही है.

सरकार को किसानो की धान का ध्यान नहीं है और वह गेहूं खरीदी की बात करती है जो भविष्य के गर्त में है। कल्पना वर्मा ने कहा कि सरकार को वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए निर्णय लेना

चाहिए और किसानो की धान अति शीघ्र खरीदना चाहिए क्योंकि वह अपनी धान की फसल को आधे अधूरे दाम पर बेचने को मजबूर है क्योंकि उसकी रवि की फसल की खेती लगी हुई है जुताई बुवाई का समय चल रहा है उसे पैसे की सख्त आवश्यकता है क्योंकि खाद बीज भी महंगा है और सभी में कालाबाजारी है प्रमाणित बीच के नाम से मनमानी दाम पर बीज किसानों को लेना पड़ता है और खाद भी कालाबाजारी के चलते उन्हें समय से नहीं मिलती है इस पर सरकार को कोई चिंता नहीं है और अब वह प्रदेश के किसानों का ध्यान भटका रही है और गेहूं पर 2600 खरीदी के नाम से झुनझुना पकड़ा रही है उन्होंने कहा कि पूर्व में चुनाव के समय की गई घोषणा पर अमल नहीं किया और किसानो की धान 3100 खरीदे जाने की बात भूल गए और आज किसानो की धान पर कोई ध्यान नहीं दे रहे . उन्होंने कहा कि सरकार को तत्काल किसानो की धान खरीदी के लिए केंद्र खोले जाने चाहिए क्योंकि यही वह समय है जब किसान का साथ सरकार को देना चाहिए आज अन्नदाता पहले से ही कर्ज में है . अति वर्षा की वजह से उसकी फसल की भी काफी हानि हुई है जिससे वह पहले से ही कष्ट में है और अभी गेहूं 2600 खरीदे जाने की बात उसके लिए झुनझुना ही है क्योंकि किसानों का गेहूं व्यापारियों के यहां अभी भी 25 में नगद बिक रहा है बिक नहीं रही है तो धान, धान की फसल को व्यापारी मनमानी रेट पर खरीदने हैं जिससे किसान 15 से लेकर 17 रुपए तक में धान की फसल बेचने को मजबूर है सभी व्यापारियों के यहां जाकर देख सकते हैं इस पर सरकार एक भी गंभीर नहीं है जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है यदि सरकार की मंडी जल्द खुल जाए तो समस्या एवं पीड़ा कम हो जाए उन्होंने कहा कि सरकार किसानों का ध्यान भटकाना बंद करें और वर्तमान परिस्थितियों पर त्वरित निर्णय ले क्योंकि यह समय किसान की धान की फसल खरीदे जाने का है।

दुरेहा सहकारी समिति के भ्रष्टाचार की जांच कब होगी पूरी

नवभारत न्यूज

नागौद 24 नवंबर, जिले के नागौद ब्लॉक में आखिरकार सहकारिता विभाग में इतने बड़े भ्रष्टाचार का मास्टरमाइंड कौन है ।सेवा सहकारी समिति दुरेहा, कोटा ,रीछुल में भ्रष्टाचार के बहुत बड़े गंभीर आरोप लगे थे और इन समितियां पर लाखो का घोटाला हुआ था जिसमें जांच अधिकारी आशीष अवस्थी को बनाया गया था।

ग्रामीणों के द्वारा यह भी बताया जाता है इस पूरे भ्रष्टाचार में प्रबंधकों से मिलीभगत करके प्रशासक के द्वारा भ्रष्टाचार करवाया जाता है इसलिए सहकारिता

विभाग में भ्रष्टाचार का मास्टरमाइंड आशीष अवस्थी को कहा जाता है। अवस्थी लगातार 8 वर्ष से नागौद में पदस्थ हैं कई बार नागौद विधायक इन्हें हटाने के लिए पत्राचार एवं अधिकारियों को हिदायत भी दे चुके हैं लेकिन बात समझ से परे हैं ? आशीष अवस्थी कॉपरेटिव बैंक का सीईओ और नागौद में सहकारिता समितियां के प्रशासक हैं, आशीष अवस्थी जिन समितियां का प्रभार लेते हैं उन समितियां में भ्रष्टाचार पर लगाम नहीं लगती है , फिर जांच अधिकारी ही आशीष अवस्थी को ही बना दिया जाता है, क्या इन समितियों की जांच हो पाएगी? इसी तरह दूरेहा, कोटा , रीछुल कई समितियों में लाखों का घोटाला हुआ लेकिन जांच अधिकारी आशीष अवस्थी को ही नियुक्त कर दिया गया । दुरेहा में हुए इतने बड़े भ्रष्टाचार की आज तक जांच नहीं हो पाई , आखिरकार नागौद की जनता को इस अधिकारी से कब मिलेगी मुक्ति।

इनका कहना है

जिला पंचायत सदस्य संध्या कुशवाहा का कहना है कि यह मामला मेरे भी संज्ञान में आया था मेरे द्वारा भी लगातार जनता की तकलीफों को देखते हुए शासन से जांच करवाने की मांग की गई थी लेकिन शासन प्रशासन भी जांच नहीं करवा रहा है ।

जिला पंचायत सहकारिता स्थाई समिति सभापति रमाकांत पयासी ने कहा कि मामला बेहद गंभीर है इस मामले को लेकर के मैं कलेक्टर महोदय से बात करूंगा और भोपाल में सहकारिता आयुक्त को जानकारी दूंगा और जांच कर कार्यवाही करवाऊंगा दुरेहा की शिकायत लगातार कई बार मेरे पास आई हैं मेरे द्वारा मीटिंग में इस मुद्दे को लेकर के लगातार कलेक्टर महोदय को जानकारी दी गई है और मामले में जांच दल गठित करवा करके गंभीरता से जांच करवाई जाएगी और दोषियों के ऊपर कार्यवाही भी की जाएगी ।

सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम आयोजित

नवभारत न्यूज

अमदरा 24 नवंबर, समीपी ग्राम घुनवारा में सरस्वती शिशु मंदिर घुनवारा में सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संध्या मिश्रा दीदी प्रमुख वक्ता और मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति रही।

उन्होंने कुटुम्ब प्रबोधन पर प्रकाश डाला, वहीं रोशनी पटेल झुकेही के द्वारा पर्यावरण संरक्षण पर जानकारी दी गई कार्यक्रम में श्रीमती जानकी पाल उप सरपंच घुनवारा उपस्थिति रही। कार्यक्रम में श्रीमती ज्योति सोनी ,राज सुप्रीम विद्यालय संचालक सृष्टि मेम संकुल विद्यालय से अतिथि का पद संभाला पांच विशिष्ट माता का सम्मान किया गया जिसमें श्रीमती शकुंतला त्रिपाठी, श्रीमती

गायत्री गर्ग, ललिता त्रिपाठी, सपना कचेर, मनोरमा मिश्रा मुख्य रही । कार्यक्रम की संयोजिका श्रीमती सुनीता त्रिपाठी ,सह संयोजिका राखी तिवारी, श्रीमती ममता विश्वकर्मा, श्रीमती नीलिमा अग्रवाल पांच वीरांगना अंशिका कचेर मोहिनी दहिया, मानसी कुशवाहा, महिमा यादव ,संगम दहिया, प्रभारी प्राचार्य बृजेश गर्ग की सहयोग में राज सोनी साथ ही सम्मानित जिला समन्वयक , सह प्रांत प्रमुख संत कुमार शुक्ला का आगमन हुआ जिनके मार्गदर्शन से कार्यक्रम सफल हुआ। विद्यालय में श्रीमती वंदना सोनी, श्रीमती सुनीता साकेत ,श्रीमती नीतू दहायत ,दीप्ति तोमर ,अनुष्का गुप्ता, ममता विश्वकर्मा, कार्यक्रम में उपस्थिति रही उक्त बात की जानकारी प्रधानाचार्य हेमलता सूत्रकार द्वारा दी गई।

विष्णु सागर क्षेत्र में बिना प्लानिंग शुरू हुआ निर्माण, गुणवत्ता पर गंभीर सवाल

नवभारत न्यूज

मैहर 24 नवंबर, मां शारदा मंदिर मार्ग स्थित विष्णु सागर क्षेत्र में नगर पालिका द्वारा चल रहे निर्माण कार्य को लेकर भारी विरोध शुरू हो गया है।

स्थानीय लोग और ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी (दद्दा) ने आरोप लगाया है कि नगर पालिका बिना किसी ठोस व परफेक्ट प्लानिंग के लगातार ऐसे कार्य शुरू कर रही है जिनका न तो स्पष्ट रोडमैप है और न ही कोई तकनीकी आधार। श्री द्विवेदी ने बताया कि चल रहा निर्माण गुणवत्ता मानकों के विरुद्ध है रेत की जगह सेंड (सूखी महीन बालू) का इस्तेमाल किया जा रहा है, जो इस इलाके की लचीली मिट्टी के लिए उपयुक्त नहीं है। ऐसी आधारहीन निर्माण तकनीक भविष्य में गंभीर दिक्कतें और दरारें पैदा कर सकती है। उन्होंने कहा कि विष्णु सागर की तरफ पहले पाथवे तोड़ा गया अब बाउंड्री बनाने के लिए बैठने वाले शेल्टर तोड़े जा रहे हैं। आगे चलकर रोड चौड़ीकरण के नाम पर इसी नई बन रही बाउंड्री को फिर तोड़ा जाएगा। यानी कुल मिलाकर बिना प्लानिंग, बिना सर्वे, बिना तकनीकी सुझाव लिए सिर्फ नाम छपाने और दिखावे में काम किया जा रहा है श्री द्विवेदी ने यह भी स्पष्ट किया कि सौंदर्यता का मुद्दा यहां मुख्य विषय नहीं है, क्योंकि भविष्य में बाउंड्री

पर लोहे की जाली लगाई जानी प्रस्तावित है। मुद्दा यह है कि बाउंड्री को पीछे ले जाने की आवश्यकता थी, ताकि भविष्य में संशोधन न करना पड़े। पहले मास्टरप्लान तैयार होता, फिर पाथवे, शेल्टर, बाउंड्री और सड़क चौड़ीकरण एक साथ तय होते। विभाग बिना किसी समन्वय के काम कर रहा है, जिससे न पैसा बच रहा है, न समय, और नुकसान जनता का हो रहा है। प्रभात द्विवेदी ने नगर पालिका को चेतावनी दी है कि यदि सभी कार्यों की तकनीकी समीक्षा, गुणवत्ता जांच, और सर्वसमावेशी प्लानिंग तुरंत नहीं की गई, तो कांग्रेस जनहित में आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेगी। नगरवासियों का कहना है कि विष्णु सागर क्षेत्र धार्मिक, पर्यटक और सार्वजनिक उपयोग का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थल है। यहां बिना योजना के चल रहे ये कार्य आने वाले समय में मैहर की सुविधाओं और सुरक्षा दोनों को प्रभावित करेंगे। कांग्रेस ने मांग की है कि निर्माण कार्य तत्काल रोका जाए और विशेषज्ञों की टीम से नए सिरे से प्लान तैयार कराया जाए।

सोनू त्रिपाठी का श्री राम मंदिर अयोध्या में गूंजेगा स्वर

चित्रकूट 24 नवम्बर बुंदेलखंड से सुगम एवं शास्त्रीय गायन द्वारा देश भर में अपनी अलग धाक जमा कर क्षेत्र को गौरवान्वित करने वाले युवा गायक

रामजी (सोनू त्रिपाठी) को एक और गौरव पूर्ण अवसर मिलने जा रहा है। आपको बता दे कि उत्तर प्रदेश सरकार के संस्कृति मंत्रालय के विशेष आमंत्रण पर बांदा-चित्रकूट के प्रसिद्ध गायक रामजी सोनू त्रिपाठी श्री अयोध्या धाम में आगामी 24-25 नवम्बर को प्रभु श्री राम की जन्मभूमि अयोध्या धाम स्थित श्री राम मंदिर में कलश ध्वजारोहण में अपने गायन की अभिनव प्रस्तुति देगें।

दिव्यांग दंपति भी कोठी तहसील के चक्कर काटने को मजबूर

नवभारत न्यूज

कोठी 24 नवंबर, यह तस्वीर दिव्यांग दंपति की है जिसकी समस्या सुन कर मन को पीड़ा होती है जब इस तरह के व्यक्ति किसी कार्यालय के चक्कर काट काट कर लाचार हो जाए तो फिर आप क्या कह सकते हैं।

मामला कठवरिया गांव के निवासी कामता वर्मा एवं ममता वर्मा दोनों ही दिव्यांग हैं पति कामता वर्मा तो डंडे के सहारे से दो-चार कदम चल भी लेता है परंतु उसकी पत्नी ममता वर्मा जो पूर्ण रूप से विकलांग है और हाथ के सहारे थोड़ा बहुत घसिट सकती है वह भी कोठी तहसील के चक्कर काट के लाचार हो गई दिव्यांग दंपति ने बताया कि मैं चल भी

नहीं सकता हूं शासन के द्वारा मेरी कोई मदद भी नहीं की गई ना ही मुझे रिक्शा प्रदान किया गया कि मैं कहीं पर आ जा सकूं जबकि मैंने जिला कलेक्टर से लेकर सभी जिम्मेदारों तक जाकर अपनी सहायता के लिए गुहार लगाई पर किसी ने आज तक मेरी मदद नहीं की । फिर भी मैं कोठी तहसील में अपनी जमीन संबंधी कागजात बनवाने के लिए भटक रहा हूं मैं अपने गांव से ?400 में ऑटो बुक कर के कोठी तहसील कार्यालय आता हूं और यहां कई बार आकर भटक चुका हूं मेरा कार्य आज तक नहीं हो पाया मुझे अपने जमीन संबंधी कागजात बनवाने हैं पर यहां कोई जिम्मेदार मिलता ही नहीं, कभी बाबू साहब के न होने का बहाना बता देते हैं तो कभी पटवारी के और बोल देते हैं कि बाद में आना इसकी वजह से मैं पिछले काफी समय से परेशान हूं और मेरा आर्थिक रूप से भी शोषण हो रहा है और मैं मानसिक रूप से भी प्रताड़ित हो रहा हूं वहीं उसकी पत्नी ममता वर्मा ने बताया कि मेरी हालत आप स्वयं देख रहे हैं मैं चल भी नहीं सकती फिर भी मुझे यहां आना पड़ता है क्योंकि जमीन संबंधी कागजात हैं वेरिफिकेशन के लिए बुलाया जाता है फिर भी काम नहीं हो पा रहा है।

प्रभार में कोठी तहसील,कभी कभार आते हैं तहसीलदार

जब से कोठी तहसील का प्रभार कमलेश भदौरिया के हाथ से गया है और सौरभ द्विवेदी के हाथ में आया है तब से तहसील कार्यालय में जमकर मनमानी एवं भर्रेशाही का आलम है उनके पास अन्य तहसील का प्रभार भी होने से वे कोठी कभी कभार ही आते हैं। हालत यह है कि नियमित तहसीलदार के न होने की वजह से जहां हितग्राही तो परेशान होते ही हैं साथ ही लोगों के रुटीन के काम भी प्रभावित होते हैं और लोगों को तहसील कार्यालय के चक्कर काटने पड़ते हैं कभी-कभी तो तहसीलदार 15 दिनों तक नहीं मिलते हैं जिससे कर्मचारी और मनमानी करते हैं जिससे यहां सन्नाटा पसरा रहता है और लोग आकर मायूस होकर लौट जाते हैं आम आदमी तो ठीक है परंतु जो दंपति दिव्यांग हो और चल फिर भी ना सके ऐसे लोगों को तहसील कार्यालय के चक्कर काटने पड़े तो फिर यहां का भगवान ही मालिक है ।

एस आई आर को लेकर तहसीलदार ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक किया

नवभारत न्यूज

नागौद 24 नवंबर, नगर परिषद नागौद कार्यालय में एस आई आर वोटर लिस्ट को लेकर आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक एस आई आर के तहत वोटर लिस्ट प्रारुप प्रकाशन संबंधित चर्चा हुई।

बैठक में तहसीलदार प्रज्ञा दुबे, नायब तहसीलदार यादवेंद्र मनी त्रिपाठी, सीएमओ शैलेन्द्र सिंह , कांग्रेस लीगल सेल जिला अध्यक्ष जिला महामंत्री एडवोकेट मुखतार अहमद सिद्दीकी, भाजपा नागौद मंडल अध्यक्ष पुलकित टंडन पृथु त्रिपाठी विकी एवं समस्त दलो के राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

मतदाता सूची विशेष पुनिर्रीक्षण की मैदानी समीक्षा

मतदाता सूची विशेष पुनिर्रीक्षण एस आई आर के कार्य के तहत बीएलओ घर-घर जाकर फार्म देने और संबंधित जानकारी का डिटलाइजेशन संबंधित कार्यों की एसडीएम जितेन्द्र वर्मा और तहसीलदार प्रज्ञा द्विवेदी ने वार्ड क्रमांक 2 में पहुंचकर समीक्षा की। साथ में नागौद पटवारी अजय दिक्षित भी मौजूद रहे।अधिकारियों ने पूरे कार्य की बारीकी से जांच करते हुए आवश्यक निर्देश दिए और सतर्कता के साथ मतदाता सूची संधारण कार्य को समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से पूरा करने पर जोर दिया।

महाराजा खेत सिंह खागार जयंती 30 को

नवभारत न्यूज

चित्रकूट 25 नवंबर खंगार समाज के आराध्य महाराजा खेत सिंह जी की जयंती गढ़ कुंडार महोत्सव हर वर्ष की तरह इस वर्षो और सभी आगामी 27.28.29 दिसंबर25 को आयोजित किया जाता है.

ज्ञात है कि कार्यक्रम मध्य प्रदेश शासन संस्कृति विभाग एब जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित किया जाता है जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम शासकीय प्रदर्शनियों का सहयोग कलाकार मध्यपदेशप्रशासन के द्वारा उठाया जाता है बंकी की रूप रेखा हम सभी समाज बंधुओ की होती है जैसे लाखों की संख्या में पहुंचने वालेसमाज बंधुओ को भोजन भंडारे कीएव ठहराने की पानी तथा अलाव सहित अतिथियों को आमंत्रित करना उनके स्वागत सत्कार साज सज्जा प्रचार प्रसार सहित तमाम व्यवस्थाएं समाज बंधुओ के सहयोग चंदा राशि के द्वारा किया जाता है इसी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिएराष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश खंगार नना जी के द्वारा दिनांक 30 नम्बर 25 को माता गजानन मंदिर गढ़ कुंडार में 30 नवंबर को 12 बजे एक बैठक का आयोजन किया जा रहा है जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सभी खंगार क्षत्रिय समाज बंधु अपने विचारों के साथ कार्यक्रम मैं उपस्थित होकर अपने विचार रखे यह जानकारी समाज के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अमर सिंह राठौर ने दी .

खुली गहरी नाली बन सकती है बड़े हादसे की वजह

नवभारत न्यूज

कोठी 24 नवंबर,नगर परिषद कोठी के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 14 में खुली नाली बड़े हादसे का कारण बन सकती है जो एक बड़ी समस्या है ।

पूर्व में वार्ड क्रमांक 14 में नगर परिषद के द्वारा नाली का निर्माण कार्य कराया गया था जो अधूरा ही करवा कर छोड़ दिया गया था वार्ड क्रमांक 14 के महेश गुप्ता के घर से लेकर कैलाश गुप्ता के घर के थोड़ा आगे तक नई नाली का निर्माण कार्य कराया गया शेष कार्य नहीं हुआ ना ही पुरानी नाली को संरक्षित किया

गया जिससे हालात यह है कि 200 मीटर की नाली बनाई जानी शेष है और इसमें पुरानी नाली ही बनी हुई है जो काफी गहरी है और सड़क का निर्माण कार्य हो चुका है जिसकी वजह से इसकी गहराई और अधिक हो गई है और सड़क में कटान होने की वजह से बड़े हादसे हो सकते हैं नाली को ढक्कने की तत्काल आवश्यकता है क्योंकि पूर्व में कई मवेशियों के गिरने से उनकी जान जा चुकी है।

चित्रकूट में पीएम श्री हेली पर्यटन सेवा की पहली उडान का स्वागत

▶ राज्यमंत्री एवं सांसद ने किया मैहर से चित्रकूट का सफर

नवभारत न्यूज

सतना 24 नवम्बर, मैहर और चित्रकूट धार्मिक स्थलों में एयर कनेक्टिविटी बढाने के उद्देश्य से प्रारंभ पीएम श्री हेली पर्यटन सेवा के शुभारंभ अवसर पर सतना जिले के चित्रकूट आरोग्यधाम के हेलीपैड पर पहली उडान प्रात: 11.30 बजे पहुंची।

यहां विधायक चित्रकूट सुरेन्द्र सिंह

गहरवार, नगर पंचायत अध्यक्ष साधना पटेल, चित्रकूट के साधू-संत, गणमान्य नागरिकों एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में प्रथम उडान का स्वागत किया गया। चित्रकूट में सोमवार से प्रारंभ पीएम श्री हेली पर्यटन सेवा के तहत पहली उडान में प्रदेश की नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, सांसद श्री गणेश सिंह, रितेश शाह सहित चार यात्री मैहर से चित्रकूट पहुंचे। चित्रकूट के संत महात्माओं, जनप्रतिनिधियों तथा स्थानीय लोगों को ज्वाय राइड के तहत भगवान श्रीराम की तपोस्थली चित्रकूट का भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर नगर परिष अध्यक्ष साधना पटेल, कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस, पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह, सहायक कलेक्टर अनिकेत शांडिल्य सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं आमजन उपस्थित थे। विधायक चित्रकूट सुरेन्द्र सिंह गहरवार ने हेलीकॉप्टर से चित्रकूट का भ्रमण करने के बाद बताया कि चित्रकूट अत्यंत मनोरम सुन्दर और रमणीक दिखाई देता है। चित्रकूट में पीएम श्री हेली सेवा शुरू होने से समय की बचत होगी और देश-विदेश के पर्यटक आसानी से पहुंच सकेंगे। पीएम श्री हेली पर्यटन सेवा की प्रथम वापसी की। उडान में चित्रकूट से कर्बी के रोहित अग्रवाल, सुशील साहू और अभिषेक सोनी ने प्रथम यात्री के रूप में हवाई यात्रा का लुत्फ उठाया। राज्यमंत्री श्रीमती बागरी एवं सांसद श्री गणेश सिंह ने पुष्पाहार एवं गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया और यात्रा की शुभकामनायें दी।